卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराज्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रबद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 234 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦1 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हादसे में दो की मौत, चार घायल

### देवप्रयाग के पास ट्रक और बोलेरो की हुई जबरदस्त भिड़ंत, दो की हालत नाजुक




कोटद्वार (उद ब्यूरो)। ऋषिकेश –बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग पर देवप्रयाग से 13 किलोमीटर दूर तीनधारा के समीप बोलेरो और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दर्दनाक हादसे में बोलेरो सवार दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गये। जिन्हें 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवप्रयाग ले जाया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को तीन धारा के एनटीपीसी मोड़ के पास एक बोलेरो और ट्रक की टक्कर ने दो लोगों की जिंदगी छीन ली। 45 वर्षीय महेश वर्मा पुत्र रामदीन निवासी कस्बा बीसलपुर जिला पीलीभीत, 30 वर्षीय धर्मपाल पुत्र रामखेलावन निवासी उपरोक्त, 25 वर्षीय महेंद्र ,25 वर्षीय नरेश पुत्र डोरीलाल निवासी कस्बा बीसलपुर जिला पीलीभीत, 40 वर्षीय रमेश पुत्र जसवंत निवासी कस्बा बीसलपुर जिला पीलीभीत और 28 वर्षीय सोहन सिंह पुंडीर पुत्र दानवीर पुंडीर निवासी ग्राम चिलेडी पोस्ट थाती बडियार गढ़ टिहरी गढ़वाल आदि सभी पीली भीत से श्रीनगर काम करने जा रहे थे। तीनधारा के समीप बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में उक्त सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। सभी को तत्काल देवप्रयाग अस्पताल भिजवाया गया। उपचार के दौरान रमेश और सोहन सिंह की मौत हो गई है। अन्य चार का उपचार देवप्रयाग बागी अस्पताल में चल रहा है। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लिया गया है। दूसरी ओर कोटद्वार पौड़ी हाइवे पर बैरगांव के पास एक कार खाई में गिरकर पेड़ पर अटक गई। दुर्घटना में तीन महिला समेत चार लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है। सभी लोग चौबट्टखाल के किलवास गांव से पूजा में शामिल होकर दिल्ली लौट रहे थे। उपनिरीक्षक सूरत शर्मा ने यह जानकारी दी।

## हादसे में बुझा घर का इकलौता चिराग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि सड़क हादसे में होटल मैनेजमेंट के छात्र की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हल्दूचौड़ में देर रात बीच सड़क पर आम्रपाली कालेज के दो छात्र लहूलुहान अवस्था में मिले। अस्पताल पहुंचाने पर एक की मौत हो गई है। दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल है। तल्लीताल भीमताल निवासी 22 वर्षीय मानस शाह पुत्र हरीश चंद्र शाह हल्द्वानी में कमरा किराए पर लेकर रहता था। वह आम्रपाली कालेज में होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रहा था और थर्ड ईयर का छात्र था। पुलिस के अनुसार बुध वार की देर रात मानस अपने दोस्त पंकज निवासी बेरीनाग के साथ बाइक पर हल्दूचौड़ गया था। देर रात दोनों सड़क पर लहूलुहान मिले। आसपास के लोगों ने उन्हें बेस अस्पताल भेजा। डाक्टर ने मानस को मृत घोषित कर दिया। पंकज भौर्याल की हालत नाजुक होने पर उसे डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में रेफर किया गया है। पुलिस मौत को दुर्घटना मान रही है। मानस घर का इकलौता बेटा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी मिलते ही मृतक छात्र के परिजन भी आ गए और उनमें कोहराम मच गया।

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Easy EMI Options Available

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## संदिग्ध हालातों में युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में एक युवक की मौत हो गयी। युवक का शव शांतिपुरी के पास बरामद किया गया है। सूचना पर पंतनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक शांतिपुरी के पास एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर पंतनगर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान 34 वर्षीय दीपक मेहता पुत्र हीरा मेहता निवासी आदर्श विहार कालोनी जवाहर नगर के रूप में की गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृत्यु के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**रस्म पगड़ी**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जा रहा है कि मेरे सुपुत्र **श्री बलदेव राज अरोड़ा** का आकस्मिक निधन दिनांक 23 मई 2023 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी दिनांक 03 जून 2023 दिन शनिवार** को समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्थान– **सिटी क्लब, काशीपुर बाईपास रोड,रुद्रपुर** में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

स्व. भजन लाल–सीमा रानी (भाई–भाभी)
गुलशन अरोड़ा–बेबी रानी (भाई–भाभी)
जगदीश अरोड़ा–सुधा रानी (भाई–भाभी)
नीलम रानी–केवल कृष्ण हुड़िया (बहन–जीजा)
सोनिया–अमित कालरा (पुत्री–दामाद)
भानु, निखिल,रमन, अर्पित,
प्रियांशु,शौर्य अरोड़ा( भतीजे )
अभिनव कालरा (दोहता )
माही कालरा( दोहती)

श्रीमती वीरा रानी (माताजी)
श्रीमती प्रकाश रानी (पत्नी)
संजीव अरोड़ा–एकता( पुत्र–पुत्रवधु)
अमित अरोड़ा–पूजा( पुत्र–पुत्रवधु)
माधव अरोड़ा,रीत,गीत (पोता,पोती)
**समस्त अच्छ्रेजा परिवार**
**कालरा परिवार, हुड़िया परिवार**
निवास स्थान–ओमेक्स रिवेरा,
एब्रो–डी–308,रूद्रपुर

प्रतिष्ठान–माधव इण्डस्ट्रीज, रीत एसोसिएट्स
मो. 9917402200. 992775600

## गरीबों को उजाड़ने के खिलाफ धरने पर बैठेंगे बेहड़

### पांच जून को डीएम कार्यालय के बाहर होगा धरना प्रदर्शन



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को उजाड़े जाने के खिलाफ पूर्व मंत्री एवं किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। विधायक बेहड़ ने पत्रकार वार्ता में अतिक्रमण के नाम पर तराई में वर्षो से बसें लोगों को उजाडे जाने पर प्रशासन की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा की जिस तराई के लोगो ने उत्तराखंड स्थापना में विशेष योगदान दिया हो उनके साथ ऐसा अन्याय हो रहा है इसको बर्दाश्त नही किया जायेगा।श्री बेहड़ ने कहा जब राज्य की स्थापना हो रही थी तब उधम सिंह नगर के जन प्रतिनिधि होने के नाते उस समय स्वंय मौजूद थे, उधम सिंह नगर को उत्तराखंड में शामिल करने की वकालत भी की थी, तब एक प्रतिनिधि मंडल देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी से मिला और उनसे मिलकर उधम सिंह नगर को उत्तराखंड में शामिल करने की मांग रखी थी।उस समय लाल कृष्ण अडवाणी भी अटल जी के निवास पर उपस्थित थे, जबकि उधम सिंह नगर को उत्तराखंड में शामिल ना किया जाए इसको लेकर बहुत बड़ा आंदोलन उस समय चला था। जनता सड़को पर थी जाम लगाए जा रहे थे। हालात बहुत खराब थे, तभी प्रकाश सिंह बादल कमेटी के साथ पंतनगर यूनिवर्सिटी में लोगों से मुलाकात कर उनकी राय लेने आये थे, एक ओर विरोध में हजारों लोग थे ओर पक्ष में कम लोग थे तब भी उधम (शेष पृष्ठ सात पर)

## डेढ़ किलो अफीम समेत दो दबोचे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा पुलिस ने चैकिंग के दौरान डेढ़ किग्रा अफीम के साथ यूपी के दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह अफीम सिरोलीकलां निवासी एक व्यक्ति को देने आए थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट के निर्देश पर एसआई पवन जोशी, हेड कांस्टेबल धरमवीर सिह, फिरोज खान, ललित चौधरी, चारू चंद पंत बहेड़ी मार्ग पर वाहनों की चौकिंग कर रहे। इसी दौरान सतुईया तिराहे के पास दो संदिग्ध पुलिस को देख भागने लगे। शक होने पर दोनों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस ने दोनों के पास से एक थैले में डेढ़ किग्रा अफीम बरामद की। थानाध्यक्ष के मुताबिक पूछताछ में अपना नाम नवल यादव पुत्र हाकिम सिंह यादव निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बिनावर जनपद बदायूं यूपी तथा शिवम पटेल पुत्र ओमकार निवासी ग्राम बरा विक्रम थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत बताया है। दोनों ने पूछताछ में (शेष पृष्ठ सात पर)

## नोटिस के खिलाफ एसडीएम का घेराव



किच्छा(उद संवाददाता)। स्वामित्व योजना के तहत दिए गए पट्टे की भूमि खाली करने के रेलवे के नोटिस के बाद तमाम लोगों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा का घेराव कर उजाड़े जाने से बचाने की मांग की। उपजिलाधिकारी कोस्तूभ मिश्रा ने कहा कि सभी अभिलेखों को देखने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी। आबादी में अभी कोई कार्यवाही गतिमान नही है।

Created by Universal Document Converter

# प्राथमिक विद्यालय में समर कैंप की धूम

रूद्रपुर ( उद संवाददाता )।प्राथमिक विद्यालय छत्तरपुर में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है जिसमे बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं को उभार रहे हैं। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने बताया कि इस बार समर कैंप में कक्षा एक से लेकर पांच तक के लगभग 65 बच्चो ने भाग लिया है, कक्षाकक्ष की शिक्षा से हटकर जीवन के व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ने का अनुभव कराया जा रहा है जो कि जीवन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। सभी बच्चो तथा उनके अभिभावकों में बहुत उत्साह दिख रहा है। प्रतिदिन बच्चो को अलग अलग नई नई गतिविधियों में प्रतिभाग करने का अवसर मिल रहा है। बच्चो को वारली आर्ट, मधुबनी आर्ट, बॉटल पेंटिंग, पपेट बनाना, पुरानी बॉटल से गुलदस्ता, अखबार से लिफाफे बनाना, योग, नृत्य, कहानी निर्माणआदि सिखाया जा रहा है। बच्चे सभी रचनात्मक कार्यों में बहुत रुचि ले रहे हैं। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि समर कैंप में सामाजिक संस्थाओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। प्रिया कक्कड़, नीलिमा नारंग और इंशा कुमार द्वारा प्रतिदिन बच्चो को सिखाने में मदद मिल रहा हैं तथा जरूरतमंद बच्चो को कॉपी, रंग,पेंसिल भी दिया जा रहा है।




# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर( उद संवाददाता )। 11 साल की अबोध बच्ची का अपहरण कर उसके साथ जबरन दुराचार करने वाले दुराचारी को पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी । सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विकास गुप्ता ने बताया कि वार्ड 3 जगतपुरा निवासी अमन सिंह उर्फ राजा पुत्र विजय सिंह के विरूद्ध एक व्यक्ति द्वारा थाना ट्रांजिट कैम्प में 19-07-2020 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि आज उसकी 11 वर्षीय भॉजीं उसके यहाँ आम देने आयी थी ।जब वह वापस अपने घर जा रही थी तो रास्ते में अमन सिंह उर्फ राजा ने उसको अपहृत कर अपने कमरे में ले जाकर बन्द कर दिया जहां उसके साथ जबरन दुराचार किया ।बच्ची को कमरे में ले जाते हुए मोहल्ले की एक महिला ने देखा और आकर उनको बताया तो वह राजा के कमरे में गये और बच्ची को आवाज दी तो राजा ने बाहर आकर कहा कि बच्ची यहॉ से चली गई है यह सुनकर वह लोग बच्ची को ढूंढने लगे ।कुछ समय बाद राजा अपने कमरे में से निकल कर भागा यह देख शक होने पर उसके कमरे में जाकर देखा तो बच्ची वहाँ पर बन्द थी ।पूछने पर बच्ची ने बताया कि राजा उसे खींच कर यहाँ लाया और उसके साथ जबरन दुराचार किया आप लोगों की आवाजें सुनकर वह भाग गया है ।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया जिसमें दुराचार साबित हो गया ।पुलिस ने अगले दिन 20 जुलाई 2020 को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया उसके विरूद्ध पॉस्को न्यायाधीश महोदय के न्यायालय में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी विकास गुप्ता ने 7 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय द्वारा दुराचार के आरोपी अमन सिंह उर्फ राजा को धारा 5/6 पॉस्को एक्ट,363, 366, 342 में 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी जुर्माने की राशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेंगे साथ ही पॉस्को न्यायाधीश महोदय द्वारा सरकार को आदेशित किया है कि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में तीन लाख रुपये दे ।

**सूचना**

कल दिनांक 31 मई 2023 को तकनीकी कारणों से उत्तरांचल दर्पण का प्रकाशन नहीं हो पाया। पाठकों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।

-सम्पादक

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# प्रदेश के विकास में होटल उद्योग का बड़ा योगदान: राज्यपाल

रामनगर( उद संवाददाता )। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) बुधवार को रामनगर के भ्रमण पर रहे। यहां पहुंचने पर होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। एक स्थानीय होटल में राज्यपाल ने होटल एसोसिएशन रामनगर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पर्यटन व होटल व्यवसाय के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों व समस्याओं के संबंध में चर्चा की। राज्यपाल ने हाल ही में सम्पन्न जी-20 कार्यक्रम में सहयोग के लिए होटल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में होटल एसोसिएशन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि जी-20 के सफल आयोजन ने रामनगर को विश्व पर्यटन मानचित्र में स्थापित किया है। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन व्यवसाय उत्तराखण्ड की आर्थिकी की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि होटल उद्योग का प्रदेश के विकास में बड़ा योगदान है। इससे कई लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसको आगे बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे और इसमें सभी के सहयोग की जरूरत है। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। पदाधिकारियों ने रामनगर व कार्बेट हेतु बेहतर कनैक्टिविटी, पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तारीकरण व कुमाऊँ हेतु वंदे भारत रेलगाड़ी के संचालन सहित अन्य सुझावव समस्याएं रखी। इसके अलावा उन्होंने राज्यपाल से रामनगर क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए एक पर्यटन महोत्सव कराने की भी मांग की। राज्यपाल ने कहा कि सभी समस्याओं और सुझावों के संबंध में केंद्रीय मंत्रियों सहित मुख्यमंत्री व राज्य के मंत्री गणों से वार्ता कर इनके समाधान के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर राज्यपाल ने उप जिलाधिकारी व पर्यटन अधिकारी से भी रामनगर में पर्यटन के विस्तार की संभावनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने जी-20 में किए गए कार्यों के लिए सभी अधिकारियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर, उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, पर्यटन अधिकारी विजेंद्र पांडे, तहसीलदार बी.सी पंत सहित होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व रामनगर पहुंचने पर रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने राज्यपाल का स्वागत किया।



# जागेश्वर में पुलिस और राजस्व विभाग ने हटाया अतिक्रमण

अल्मोड़ा( उद संवाददाता )। थाना दन्या ने राजस्व विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर जागेश्वर में अस्थाई अतिक्रमण हटाया। जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मचा रहा। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देश पर थाना दन्या पुलिस द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ जागेश्वर में अतिक्रमण के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जागेश्वर में सड़क किनारे किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान स्थानीय व्यापारियों को सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखने की सख्त हिदायत दी गई। कार्यवाही के दौरान थानाध्यक्ष दन्या जसविंदर सिंह, चौकी प्रभारी जागेश्वर मीना आर्या के साथ थाना दन्या का पुलिस बल व राजस्व विभाग के अधिकारी रहे



# हिन्दू रक्षा दल ने निर्जला एकादशी पर लगाई छबील

रुद्रपुर ( उद संवाददाता )। हिन्दू रक्षा दल द्वारा निर्जला एकादशी के पर्व पर गंगापुर मार्ग पर दक्ष चौराहा के पास छबील लगाकर राहगीरों को मीठे जल का वितरण किया गया। लगाये गए छबील के भंडारे में सैकड़ों राहगीरों ने अपना गला तर किया। इस दौरान हिन्दू रक्षा दल के प्रदेश मंत्री अनूप दत्ता, जिलाध्यक्ष कुलदीप खुराना, भाजपा जिला मंत्री ममता त्रिपाठी, राम अवतार, संदीप यादव, जिला महामन्त्री अनुज पंडित, पवन गंगवार, राम बदन मौर्य, संतोष यादव, अरुण मौर्य,पंकज कश्यप, धर्मेंद्र भटनागर समेत सैकड़ों हिंदूवादी युवा मौजूद थे।

# वर्चुअल क्लास में पहाड़ी गीतों व नृत्य कला की दी जानकारी

गदरपुर( उद संवाददाता ) । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में वर्चुअल क्लास के माध्यम से 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है वर्चुअल क्लास के प्रथम दिन श्री मंगलेश डंगवाल द्वारा पहाड़ी गीतों के माध्यम से छात्राओं को संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया । श्रीमती सोनल वर्मा द्वारा नृत्य कला के गुर बताते हुए कलात्मक नृत्य कला सीखने का आह्वान किया गया । इस अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण से आई लगभग 2 दर्जन से अधिक छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई । विद्यालय की अध्यापिका नंदिनी शर्मा ने बताया कि 1 जून से 10 जून तक आयोजित 10 दिवसीय वर्चुअल क्लास में आ रही आई प्रथम दिन आई बालिकाओं को निर्देशित किया जा रहा है कि अपने साथ अन्य बालिकाओं को भी वर्चुअल क्लासेस में शामिल होने के लिए जानकारी दें ताकि उनका ज्ञान वर्धन हो सके इस मौके पर अध्यापिका नंदिनी शर्मा, उर्वशी गंगवार,मिनती रानी विश्वास के अलावा छात्रा आफिया,रुखसाना, साजिया, निशा,सिदरा,आफरीन,अर्शी, दीपा, अर्चना,सानिया,साफिया, अंशिका, खुशनुमा आदि महिलाएं मौजूद थे ।



# किसान की मौत के मामले में वाहन चालक के विरूद्ध रपट

रूद्रपुर ( उद संवाददाता )। विगत दिवस काशीपुर मार्ग पर डीसीएम की टक्कर से पिकप वाहन में सवार एक किसान की हुई मौत के मामले में आरोपी डीसीएम के अज्ञात चालक के विरूद्ध रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सुरेश सैनी पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम पिपलिया गोपाल थाना बिलासपुर ने कहा है कि 30 मई को वह अपनी पिकअप छोटा हाथी वाहन संख्या यूपी 22 एटी 6264 से अपने गांव से ही सब्जी भरकर रुद्रपुर बिगवाड़ा मण्डी जा रहा था। उसके साथ में गांव के ही घनश्याम पुत्र नेत राम व राम गोपाल पुत्र राम कुंवर निवासी डोहरिया थाना बिलासपुर व हरीओम पुत्र राम स्वरुप निवासी लालू नगला थाना शहजाद नगर रामपुर भी साथ में सब्जी भरकर मण्डी जा रहे थे। सुबह लगभग 4:30 बजे वह अपने को ओवर ब्रिज के साइट में रोककर अपने साथ के मण्डी वाले पिकअप का इंतजार कर रहा था तभी पीछे से एक डीसीएम वाहन संख्या यूके 18 सीए 6952 के अज्ञात चालक ने उसके वाहन को पीछे से जोर से टक्कर मार दी। जिससे वाहन में बैठे घनश्याम, हरिओम व राम गोपाल को गंभीर चोटें आ गईं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घनश्याम की हालत सही न होने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हरी ओम और राम गोपाल को भी मुराराबाद के लिए रेफर कर दिया । पुलिस ने डीसीएम के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ANANT GRAPHICS
9837777818 Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

Created by Universal Document Converter

# नौ वर्षों में मोदी सरकार ने देश हित में लिए अहम फैसले: भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने नौ साल पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वयं इसे 'सेवा के नौ साल'बताते हुए कहा कि इस दौरान उनकी सरकार के द्वारा लिया गया हर फैसला लोगों का जिंदगी बेहतर बनाने के लिए था। श्री भट्ट ने बताया कि स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा जब हम राष्ट्र की सेवा में 9 वर्ष पूरे कर रहे हैं, मैं विनम्रता और कृतज्ञता से भर गया हूं, वही पीएम ने कहा की सरकार द्वारा लिया गया हर निर्णय, हर कदम, लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की इच्छा से निर्देशित होता है, विकसित भारत के निर्माण के लिए हम और भी अधिक मेहनत करते रहेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने कहा कि नौ वर्षो में मोदी सरकार ने देश हित में अहम फैसले लिए हैं, जिन फैसलों से केंद्र सरकार की छवि को पीएम मोदी जी ने मजबूत बनाई है। वही बताया की 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार ने नियमित अंतराल पर साफ संदेश दिया, कि वह किसी भी तरह के फैसले लेने में नहीं हिचकेगी। पूरी दुनिया में धानमंत्री जी की लोकप्रियता बड़ी है। देश के पारदर्शी विकास और भ्रष्टाचार पर चोट पहुंचाने की शुरुआत मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में नोटबंदी का फैसला से हुई। इसके बाद सरकार ने आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान सरकार ने सख्त लॉकडाउन का फैसला लिया। लोगों ने सरकार के फैसले लेने की तरीकों को पसंद किया। साथ ही केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने जैसे फैसले भी किया। इससे साबित हुआ कि मोदी सरकार मजबूत फैसला लेने से पीछे नहीं हटेगी। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही सरकार के 9 साल बेमिसाल रहे हैं श्री भट्ट ने कहा कि 80 करोड लोगों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें निशुल्क राशन उपलब्ध कराया गया। लगभग 48.27 करोड़ जनधन खाता खोले, इसके अलावा 3 करोड़ से अधिक गरीबों को आवास भी दिए गए। किसानों को समर्पित इस सरकार ने 2019 से हर साल ̄6000 किसान सम्मान निधि के रूप में करोड़ों किसानों के लिए पेंशन शुरू की। इसके अलावा फसल बीमा



योजना लाई गई, साथ ही देश भर के 8.67 करोड़ों का स्वच्छ पेयजल की पहुंचाया गया। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए केंद्र की मोदी सरकार 11.72 करोड़ इज्जत घर (शौचालय) बनाए तथा 9 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को उज्जवला गैस के कनेक्शन दिए गए। इसके अलावा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख भर्तियों का महा अभियान चलाया गया जिसमें रोजगार मिले लगाकर 10 लाख भर्तियों का अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी 2.55 करोड़ घर बनाए गए हैं और प्रधानमंत्री आवास के तहत 72.5 तक घर बनाए गए हैं। श्री भट्ट ने बताया कि वैश्विक महामारी में भी केंद्र की मोदी सरकार के 220 करोड़ कोरोना के टीके लगाए गए तथा आयुष्मान भारत से 10 करोड़ परिवारों को 5 लाख का बीमा दिया गया। इसके अलावा भारत की स्पष्ट व पारदर्शी सरकार को को जी-20 की अध्यक्षता मिली, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की ख्याति बढ़ने के साथ ही युद्ध प्रभावित देशों से सकुशल भारतीयों को लाने में भी केंद्र सरकार की सफलतम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है जिसमें डिजिटल लेनदेन भी बड़ा है और 776 अरब डॉलर का निर्यात करने में भी केंद्र सरकार ने सफलता पाई है। केंद्र की मोदी सरकार ने देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का काम किया है पिछले 9 साल में गति सख्ती से सड़क, रेल, वायु और जल मार्ग वह बंदरगाहों के विस्तार किया गया है वंदे भारत ट्रेन और उड़ान योजना में जमीनी और हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाया गया है। इसके अलावा केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में सरकार ने व्यापार संबंधी कई कानूनी बाधाओं को समाप्त किया है 2017 में कंपनी अधिनियम में संशोधन करते हुए व्यापारी दिक्कतों को दूर किया है। देश के अंतिम ग्रामीण क्षेत्र में भी मूलभूत सुविधाएं जल्द पहुंचे इसके लिए कॉमन सर्विस सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देशभर में 5.23 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर बने हैं।श्री भट्ट ने कहा कि बीते 9 वर्षों में देश के विकास के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्यों में शांति और समृद्धि के लिए केंद्र सरकार ने कई समझौते किए हैं। जिसमें प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम डिवाइन) योजना जैसी शुरू की है। तथा सड़क, सुरंग व रेलवे के कई प्रोजेक्ट शुरू कर देश को विकास से जोड़ा है। उन्होंने बताया कि देश की विरासत का विकास करते हुए वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक सहित कई परियोजनाएं पूरी की है इसके अलावा करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र अयोध्या के राम मंदिर का निर्माण भी जारी है। इसके अलावा पिछले 9 वर्षों में अनुच्छेद धारा 370 खत्म किया गया है तीन तलाक और अनुच्छेद 370 की समाप्ति का काम इस सरकार ने किया कानून बनाए जाने से तीन तलाक के मामलों में 82 फीसदी तक कमी आई है। इसके अलावा देश में 34 साल पुरानी शिक्षा नीति को भी बदला गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही सशक्त और पारदर्शी सरकार में आतंकी घटनाएं कम हुई है देश की सीमाओं में घुसपैठ में लगाम लगी है पूर्व में होने वाली आतंकी घटनाओं में देश के रक्षा बलों ने आतंकी घुसपैठ की घटनाओं को काफी हद तक नियंत्रित किया है।

## भूसे की कालाबाजारी और भंडारण पर लगाई रोक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड शासन द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में विक्री योग्य उपलब्ध भूसे का उपयोग प्रदेश के पशुपालकों के अतिरिक्त व्यापारियों के माध्यम से प्रदेश से बाहर भेजा जा रहा है। साथ ही अन्य कार्यो जैसे ईट-भट्टो, पेपर मिल आदि फैक्ट्रीयों में भी भूसे का प्रयोग किया जाता है जिससे भूसे की दरों में निरन्तर वृद्धि हो रही है एवं प्रदेश के किसानों को महंगी दरों पर भूसा क्रया करना पड़ रहा है। भविष्य में भूसे की दर बढ़ने की सम्भावना है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये यह सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जारी हुये है कि जनपद में पशुओं के लिये पर्याप्त मात्रा में भूसा/चारा उपलब्ध हो। जिसके लिये जिला मजिस्ट्रेट युगल किशोर पन्त ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जनपद में भूसा/चारा पर निम्न प्राविधानों हेतु तत्काल प्रभाव से आगामी 2 माह तक की अवधि के लिये रोक लगाया है। उन्होने भूसा/चारा को ईट-भट्टो, पेपर मिलों एवं अन्य उद्योगों में इस्तेमाल किये जाने, भूसा विक्रेताओं द्वारा भूसे का अनावश्यक भण्डारण एवं कालाबाजारी, जनपद में उत्पादित भूसे को राज्य से बाहर परिवहन किये जाने, जनपद सीमा अन्तर्गत पराली जलाये जाने पर प्रतिबन्ध लगाया है। उन्होने बताया कि जनहित में उक्त आदेश पारित किया गया है। उन्होने बताया है कि इस आदेश का उल्लंघन वर्तमान में प्रवृत्त अन्य कानूनों के प्रासंगिक प्राविधानों व नियमों के तहत अनुमन्य न होने के कारण भा0द0सं0 की धारा-188 सपठित वायु एवं प्रदूषण नियन्त्रण अधिनियम 1981 के तहत दण्डनीय है।

## खुद को संस्कारवान बनाकर दूसरों का करें मार्ग दर्शन:स्नेहपाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में हर व्यक्ति को पहले खुद को संस्कारवान बना कर दूसरों का मार्ग दर्शन करना चाहिए। यह बात विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री स्नेहपाल ने कुमाऊं संभाग के चार अंचलों अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ व चम्पावत के क्षमता विकास वर्ग के समापन अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि संस्कार एक ऐसी शिक्षा है जो हर व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने का मार्ग दर्शन करती है। अच्छे संस्कारवान व्यक्ति के प्रति सभी प्रभावित होते हैं जबकि बुरे संस्कार से पूर्ण व्यक्ति को समाज कभी पसंद नहीं करता है। श्री स्नेह पाल ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि क्षमता विकास वर्ग में सभी को समर्पणता, कार्य के प्रति ध्यान, लगन तथा अच्छे संस्कार की शिक्षा दी जाती है जिन्हें सभी को अपने जीवन में उतारकर नए



कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षमता विकास वर्ग में बौद्धिक विकास के साथ ही विभिन्न खेलों के माध्यम से शारीरिक विकास के प्रति भी पूरा ध्यान दिया जाता है। खेलकूद एकल अभियान के प्रदेश प्रभारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत भूषण चुघ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार से ही हर व्यक्ति की असली पहचान होती है। समाज में व्यक्ति का व्यवहार, उसका बोलना, उसके कार्य आदि संस्कारों पर ही निर्भर करते हैं। यदि व्यक्ति संस्कारवान है तो उसका व्यवहार, बोलचाल व कार्य आदि लोगों के लिए प्रेरणा श्रोत बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुरू से ही अच्छे संस्कार देकर उसे हर अच्छे व बुरे कार्यों का ज्ञान करा कर अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। श्री चुघ ने कहा कि यहां क्षमता विकास वर्ग में प्रशिक्षकों द्वारा जो भी शिक्षा दी जाए उसे अपने जीवन में उतारकर उसका नित्य पालन करना होगा। उत्तराखण्ड संभाग के भाग कुमाऊं के अंचल अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत का क्षमता विकास वर्ग का समापन रेणुका पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में हरीश बजाज की अध्यक्षता में हुआ। इस पांच दिवसीय वर्ग में कुल 27 कार्यकर्ताओ ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम उपस्थित मातृ शक्ति ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों का स्वागत दिनेश भारद्वाज प्रांत ग्राम स्वराज योजना प्रभारी ने किया। वर्गाधिकारी के रूप में समीर उपाध्याय का संरक्षण प्राप्त हुआ। सत्र में मुख्य रूप से अमरनाथ जोशी, प्रभारी संभाग हरिकथा योजना, रमेश चंद्र जोशी ग्राम संगठन समिति उपाध्यक्ष कुमाऊं, राकेश सिंह संगठन सचिव कुमाऊं, झम्मन लाल शर्मा रथ प्रभारी पी 5, यशपाल घई, विनोद फोगाट, सान्या गंभीर, नीरज रानी शर्मा, उपस्थित रहे। कार्यकर्ता की दृष्टि से प्रभाग ग्राम स्वराज योजना प्रमुख अरविंद कन्नौजिया, प्रभाग अर्थ विभाग प्रमुख ज्ञानचंद, फाल्गुनी सरकार, रामेश्वरी राणा, ममता कोरंगा, पूजा महर, अजीत, भाग टीम, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख उपस्थित रहे।

## उधमसिंह नगर में केवल 32 प्रतिशत गंभीर अपराध के मुकदमों में सजा

काशीपुर(उद संवाददाता)वर्ष 2022 में उधमसिंह नगर के फौजदारी न्यायालयों ने कुल 6202 मुकदमों का फैसला किया है तथा भारतीय दंड संहिता के गंभीर अपराधों (सत्र न्यायालय) वाले मुकदमों में 32 प्रतिशत 62 मुकदमों में सजायें हुई है जबकि 122 मुकदमों में रिहाई हुई है।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने अभियोजन निदेशालय से वर्ष 2022 में मुकदमों में सजा व रिहाई सम्बन्धी विवरणों की सूचना मांगी थी। जिसके उत्तर में संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय उधमसिंह नगर के लोक सूचना अधिकारी ने अपने पत्रांक 99 से सम्बन्धित विवरण की फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी गयी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2022 में भारतीय दंड संहिता के सत्र न्यायालय में विचारण योग्य गंभीर मुकदमों (हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार आदि) के 195 मुकदमें निर्णीत हुये जिसमें 63 मुकदमों में सजा हुई है जबकि 122 मुकदमों में रिहाई हुई है अर्थात अभियोजन व पुलिस अपराध के साबित करने में सफल नहीं हुये हैं। इस अवधि में 10 ऐसे मुकदमें क्वैश/दाखिल दफ्तर भी हुये है। सजा का प्रतिशत 32 प्रतिशत है। अन्य अधि नियमों के अन्तर्गत सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय गंभीर मुकदमों में सजा का प्रतिशत 74 है। 2022 में ऐसे 516 मुकदमें निर्णीत हुये है जिसमें 380 मुकदमों में सजा हुई है तथा 95 मुकदमों में अपराध साबित नहीं हुये है व रिहाई हुई है। ऐसे 41 मामले दाखिल दफ्तर/क्वैश हुये है। श्री नदीम को

**वर्ष 2022 में आई.पी.सी. के गंभीर अपराधों के 63 मुकदमों में सजा 122 में रिहाई**

उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2022 में अधीनस्थ न्यायालयों (मजिस्ट्रेटों आदि के न्यायालयों) में निर्णीत भारतीय दंड संहिता के अपराधों के कुल निर्णीत 1425 मामलों में से 462 मामलों में सजा हुई है जबकि 160 मामलों में रिहाई हुई है। इस अवधि में 400 मुकदमों में राजीनामा हुआ है तथा 06 मुकदमें शासन द्वारा वापस भी हुये है। इस अवधि में 248 ऐसे मुकदमें दाखिल दफ्तर/क्वैश भी हुयें हैं। सजा का प्रतिशत 32 है। अन्य अधिनियम के अन्तर्गत अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा विचारणीय कुल 4066 निर्णीत मुकदमों में 3115 मामलों में सजा हुई है जबकि 133 मामलों में रिहाई हुई हैं। सजा वाले मामलों में मोटर वाहन अधिनियम सहित अन्य अधिनियम के चालान व जुर्माने के मामले भी शामिल होते हैं। इस अवधि में 811 मामले दाखिल दफ्तर/क्वैश भी हुये है। सजा का प्रतिशत 77 है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार 2022 के प्रारंभ में जिला उधमसिंह नगर के सत्र न्यायालयों में भारतीय दण्ड संहिता के अपराधों के 1079 मुकदमें लम्बित थे जो वर्ष के अन्त में कम होकर 1031 रह गये जबकि इस अवधि में 147 नये मामले दायर हुये हैं। अन्य अधिनियमों के वर्ष के प्रारंभ में 1415 मामले लम्बित थे जो वर्ष के अन्त में बढ़कर 1609 हो गये जबकि वर्ष में ऐसे 710 नये मुकदमें दायर हुये है।2022 के प्रारंभ में जिले के अधीनस्थ न्यायालयों में भारतीय दंड संहिता के अपराधों के कुल 8653 मुकदमें लम्बित थे जो वर्ष के अंत में बढ़कर 9956 हो गये जबकि इस अवधि में 2728 नये मुकदमें दायर हुये हैं।अन्य अधिनियमों के अधीनस्थ न्यायालयों में लम्बित मामलों की संख्या 2022 के प्रारंभ में 9066 थी जो 2022 के अन्त में बढ़कर 17946 हो गयी है। इस अवधि में ऐसे 12946 नये मुकदमें दायर हुये है।

## राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में कई समस्याएं उठी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नगरखान नामक स्थान में राज्य आंदोलनकारियों की बैठक संपन्न हुई बैठक में राज्यआंदोलनकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों को राज्य सरकार की विकास योजनाओं में प्राथमिकता दिये जाने और अधिकारियों से मिलने में तुरंत समय दिये जाने के प्रावधान के बावजूद राज्य आंदोलनकारियों को सचिवालय और मंत्रियों से मिलने में अत्यंत परेशानी हो रही है राज्य आंदोलनकारियों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जायेगी।उपेक्षा करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की जायेगी। राज्य आंदोलनकारियों ने 20000 रूपये मासिक पेंशन दिये जाने के साथ साथ पैंशन का भुगतान बैक खातों में किये जाने की मांग की। बैठक में राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में उनके लिए संग्रहालय व बैठक के लिए पुरानी कलेक्ट्रेट में हाल उपलब्ध कराया जाय तथा निरीक्षण भवनों में निशुल्क रात्रि विश्राम की व्यवस्था की जाये। राज्य आंदोलनकारियों ने ग्रामीण सड़कों में सार्वजनिक यातायात चलाने तथा उन सड़कों में मरम्मत कार्य कराये जाने की भी मांग की। राज्य आंदोलनकारियों ने अल्मोड़ा पिथौरागढ़ मोटर मार्ग में हो रहे डामरीकरण कार्य की



गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क में मुख्य कस्बों में नालियों का निर्माण बरसात से पूर्व कराया जाय। साथ ही नगरखान गिरचोला गांवों तक गैस वितरण वाहन चलाने की भी मांग की। एक प्रस्ताव में कृषि सुरक्षा हेतु सुवर रोधी दिवार व फेसिंग वायर लगाने के लिए राज्य आंदोलनकारियों को प्राथमिकता दिये जाने की मांग के साथ अनुदान राशि बढ़ाकर लागत का 80%किये जाने की मांग भी की। बैठक में राज्य आंदोलनकारियों के लिए क्षैतिज आरक्षण का विधेयक शीघ्र विधानसभा सत्र बुलाकर कर पास कराये जाने की भी मांग की। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के एक वर्ष बाद भी मृतक राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों को पेंशन स्वीकृत न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। बैठक में पेटशाल सुवाखांन मोटर मार्ग के चौड़ीकरण तथा अवशेष भाग में शीघ्र डामरीकरण की मांग भी उठायी गयी। निर्णय लिया गया कि जिलास्तरीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एक शिष्टमंडल शीघ्र जिलाधिकारी से मिलेगा तथा संगठन के बिस्तार हेतु जनपद तथा अन्य जनपदों में भी जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय बैठक में लिया गया । बैठक में ब्रह्मा नंद डालाकोटी, दौलत सिंह बगड्वाल, लक्ष्मण सिंह,दिनेश शर्मा, गोपाल सिंह बनौला,बसंत जोशी, तारादत्त भट्ट ,देवनाथ गोस्वामी,पूरन सिंह बनौला,कैलाश राम, ताराराम, नवीन डालाकोटी, शंकर दत्त डालाकोटी, गोपाल सिंह गैड़ा कृष्ण चंद्र डालाकोटी,तारादेवी आदि उपस्थित रहे।

Created by Universal Document Converter

# डीएम ने सितारगंज खटीमा में बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

सितारगंज/खाटीमा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने आगामी मानसून काल के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न नदी क्षेत्रों किनारों को मजबूत किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय जनता से भी मुलाकात कर, नदी के प्रवाह, बाढ़ की स्थिति, फसलों आदि के बारे में चैनलाईज करने तथा आवश्यकतानुसार स्टड्स लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूड़झाला में कैलाश नदी पर निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि को दिए। **खटीमा**-जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बुद्धवार को तहसील खटीमा में स्थित ग्राम मझौला-1 के ढाकी क्षेत्र को देवहा नदी की बाढ़ से किया जाए। जिलाधिकारी ने नदी का वास्तविक प्रवाह क्षेत्र जानने हेतु राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ ज्वाइंट सर्वे करने के निर्देश उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनता से मुलाकात की और जन सामान्य की विस्तार से बात सुनी। क्षतेरवासियों ने नदी के पुराने प्रवाह तंत्र





का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सलमति, डोहरी, भूडझाला, नानक सागर डाम का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सलमति में कैलाश नदी प्रवाह क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि नदी को सीधा एवम चैनलाईज किया जाए और चैनलाईज के दौरान सिल्ट से नदी के विस्तार से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मक्का की फसल उत्पादन का जायजा लेते हुए महत्वपूर्ण सुझाव किसानों को दिए। जिलाधिकारी ने नकदी फसलों को बढ़ावा देने हेतु भी प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने डोहरी गांव में कैलाश नदी से होने संभावित भू-कटाव को देखते हुए नदी को बरसात में नदी का पानी खेतों में न जाए, खेत बच जाएं और घरों तक पानी न पहुंच पाए, इसके स्थायी समाधान हेतु कार्य योजना तैयार की जाए। जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी ने (लक्खा पुल) बेगुल नदी क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण दिशाख्र निर्देश सिंचाई विभाग के अभियंताओं सुरक्षा हेतु सिंचाई तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देहवा नदी से बाढ़ सुरक्षा हेतु पिचिंग कार्य करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अभियंताओं को दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभावी ढंग से बाढ़ सुरक्षा हेतु नदी को चेनालाइज जिलाधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि बरसात के मौसम में पानी घरों में न जाए और खेत भी सुरक्षित बच जाएं। जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों की सुरक्षात्मक दृष्टि से अच्छे स्थानों पर आवासीय पट्टे आवंटन हेतु कार्यवाही कराने के निर्देश भी उप जिलाधिकारी को दिए। व वर्तमान प्रवाह तंत्र, बाढ़ व बाढ़ से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उप जिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट, तहसीलदार शुभांगनि, अधीक्षण अभियंता सिंचाई प्रमोद दीक्षित, अधिशासी अभियंता बीसी नैनवाल, सहायक अभियंता विमल वर्मा सहित क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

# गौशाला में पशुओं को खिलाया चारा

सितारगंज। निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने श्री कृष्ण प्रणामी महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ गौशाला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने धर्मशाला में पशुओं की उपलब्धता, धर्मशाला संचालन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जनपद के अन्य नगरों में भी गौशाला स्थापना, संचालन आदि विषय पर भी विस्तार से चर्चा की।




इस दौरान जिलाधिकारी ने पशुओं को हरा चारा भी खिलाया।इस दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, अधीक्षण अभियंता प्रमोद दीक्षित, अधिशासी अभियंता बीसी नैनवाल, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गौशाला अध्यक्ष शीतल सिंघल, महेश मित्तल, भीमसेन गर्ग, सुरेश सिंघल, रोशन लाल, संजय गोयल, केवी अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, ऋषिकेश शर्मा, सौरभ सिंघल, भगवान सिंह भंडारी आदि उपस्थित थे।



# मेयर ने सड़क और नाली निर्माण का किया शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर तीन ट्रांजिट कैम्प मध्य में नगर निगम द्वारा विजय सरकार एवं सुशल रस्तौगी के घर से नरेन्द्र राठौर के घर तक बनाई जा रही सीसी सड़क और नाली निर्माण का मेयर रामपाल सिंह एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उत्तम दत्ता ने संयुक्त रूप से विधिवत नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया।सड़क और नाली निर्माण की मांग पूरी होने पर वार्डवासियों ने मेयर रामपाल सिंह का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि नगर निगम की ओर से सभी वार्डों में विकास कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। विकास का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शहर की जनता से उन्होने जो वायदे किये थे उन्हें पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी गयी है। शहर के किच्छा रोड स्थित कचरे के पहाड़ को तेजी से निस्तारित किया जा रहा है जल्द ही इसका सफाया हो जायेगा। इसके साथ ही शहर में कचरा निस्तारण की समस्या को देखते हुए फाजलपुर मेहरोला में कचरा निस्तारण के लिए प्लांट स्थापित किया गया है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मानसून से पहले शहर के नाले नालियों की सफाई के लिए वृहद अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम का पूरा प्रयास है कि मानसून सत्र के दौरान शहरवासियों को जलभराव की स्थिति का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जनता के हितों पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। मेयर ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में लोगों से भी सहयोग करने का आहवान किया।इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उत्तम दत्ता, मंडल अध्यक्ष धिरेश गुप्ता, निमित्त शर्मा, संजीव गुप्ता,डीके गंगवार, शिल्पा सिंह , परमिला देवी , सुशीला देवी , ज्योति देवी, अनिता देवी , सम्राट सिंह , रीता गुप्ता , सोनल वर्मा, सुनीता रानी, राजकुमार, प्रणव राय चौधरी सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।



# महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने के लिए चलेगा अभियान:मीना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि जल्दी ही एक अभियान के तहत रुद्रपुर विधानसभा में 1000 महिलाओं को कांग्रेस के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर इस अभियान को जल्दी शुरू किया जाएगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि



रुद्रपुर में महिला कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन भी आयोजित करने पर विचार चल रहा है जिसके लिए वह उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला से वार्ता कर तिथि की घोषणा करेंगी। इधर बुधवार को श्रीमती शर्मा ट्रांजिट कैंप और साक्षीपुरम फुलसुंगा क्षेत्र में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंची जहां उनका कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली सुमित्रा, देवकी, किरण, पूनम, कांति, दिव्या, प्रोन्नति, कुसुम, रानी, माधवी सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# पत्रकारिता की चुनौती पर गोष्ठी आयोजित

अल्मेड़ा (उद संवाददाता)।हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा में पी0सी0 तिवारी की अध्यक्षता में वर्तमान समय में पत्रकारिता की चुनौती पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कई पत्रकारों ने अपने विचार रखे और कहा कि समाज को दिशा देने का काम पत्रकारिता करती है समाज को आईना दिखाने का काम पत्रकार करता है आज के दौरा में पत्रकारिता एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन चुका है। जहाॅ माफिया विभिन्न प्रकार से पत्रकारों पर दबाव डालता है वहीं आंतकवाद, नक्सलवाद के बीच में पत्रकारिता करना भी चुनौतीपूर्ण कार्य है। बैठक के अन्त में दैनिक जनमोर्चा के प्रधान सम्पादक रहे वरिष्ठ पत्रकार शितला सिंह जो प्रेस काउन्सिल आफ इण्डिया तथा आई0एफ0डब्लू0जे0 के भी अध्यक्ष रहे। एवं युवा पत्रकार उमेश पंत के निधन पर दो मिनट का शोक कर श्रद्वाजिंल अर्पित की गयी। बैठक का संचालन राजेन्द्र रावत ने किया। बैठक में किशन जोशी, हरीश भण्डारी, निर्मल उप्रेती,सुरेश तिवारी,उदय किरौला, राजेन्द्र रावत, शिवेन्द्र गोस्वामी,नवीन उपाध्याय,नसीम अहमद, विनोद जोशी, अशोक पाण्डे, दिनेश भट्ट,राजीव कर्नाटक, दीपांशु पाण्डे, संतोष बिष्ट, दयाकृष्ण काण्डपाल, एम0डी0 खान आदि उपस्थित रहे।



# होटलों व स्पा सेंटरों में चलाया चेकिंग अभियान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु करने के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक कोतवाली अल्मोड़ा के नेतृत्व में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल व कोतवाली अल्मोड़ा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आँपरेशन इवनिंग स्ट्रार्म के तहत नगर के होटलों व स्पा सेंटरों का औचक चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान होटल व स्पा सेंटरों में कार्यरत स्टाफ का भौतिक सत्यापन किया गया तथा प्रबन्धकों को कर्मचारियों के सत्यापन के संबन्ध में जागरुक किया गया और अतिथि रजिस्टर में आनेजाने वाले लोगों का पूर्ण विवरण अंकित करने व होटल, स्पा सेंटरों में नये कर्मचारी रखने से पूर्व उनका पुलिस सत्यापन करवाने की उचित हिदायत दी गई। वहीं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। इसके अतिरिक्त थानाध्यक्ष महिला थाना बरखा कन्यालके नेतृत्व में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर स्कूली छात्र छात्राओं को मानव तस्करी, साईबर अपराध के बारे में t kudkjhnhxbZ kSnudkle. Mi fyl ,i dhl fp/ kvksav kSxkSk'kfUQea jft LVSkudjuhMky 112l kbcj gsYi ykbZuaj 1930]efgy kgsYi ykbZuaj 1090 dsl aca/ esa tkudkjhnhxbZA



Created by Universal Document Converter

# तंबाकू निषेध दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक




रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एंटी ड्रग प्रकोष्ठ द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर केके पाण्डेय, एसपीसिटी मनोज कत्याल एवं एसीएमओ डॉक्टर हरेंद्र मलिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय एंटी ड्रग प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉक्टर कमला डी भारद्वाज द्वारा एंटी ड्रग समिति के कार्यों के बारे में वृहद जानकारी दी गई। एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक ने सभी छात्र छात्राओं को तंबाकू के दुष्प्रभाव को बताते हुए उससे दूर रहने की अपील की।ट्रेफिक इंस्पेक्टर विजय विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को सुरक्षित वाहन संचालन हेतु जागरूक किया।सीओ सिटी तपेश कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से साथियों के दबाव में ना आकर सही निर्णय लेते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया। स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों ने भी समस्त छात्र छात्राओं को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। रुद्रपुर कोतवाल विक्रम राठौर, सीपीयू इंस्पेक्टर राकेश बिष्ट, एएसआई. सीआईडी मनोज भट्ट ने छात्र छात्राओं को ट्रैफिक नियमों तथा नशा उन्मूलन के बारे में अवगत कराया। विगत 13 मई को हुई एंटी ड्रग पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमे लक्ष्य दिवाकर एवं गुलनाज ने संयुक्त रूप से प्रथम, सोनाली भारती एवं अनंत राज ने संयुक्त रूप से द्वितीय, अभिषेक कुमार एवं साक्षी खैरा ने संयुक्त रूप से तृतीय एवम रेनू राना ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर वहां स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग की टीम के सदस्य तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर सर्वजीत सिंह, प्रोफेसर हरीश चंद्र, प्रोफेसर एके पालीवाल, प्रोफेसर रविंद्र सैनी, प्रोफेसर हेमलता सैनी, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉक्टर नरेश कुमार, डॉक्टर इंदु शेखर मंगाई, डॉक्टर निर्मला जोशी, डॉक्टर रूमा शाह, प्रोफेसर पूनम रौतेला, प्रोफेसर शंभू दत्त पांडे, डॉ. शलभ गुप्ता प्रोफेसर मनोज पांडे, डॉ. दीपमाला, डॉ सुनील कुमार मौर्य छात्र संघ के पदाधिकारी रोहित भट्ट, हिमांशु सिंह, गौरव शुक्ला, को आकाश कुमार के साथ ही संकाय प्रतिनिधियों, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, छात्र चंदन भट्ट एवम कालेज के एनसीस., रोवर रेंजर एवं एनएसएस के स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एंटी ड्रग समिति के सदस्य डॉ. अंचलेश कुमार ने किया। अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर कमला डी. भारद्वाज ने समस्त अतिथियों, विद्यार्थियों व छात्रसंघ पदाधिकारियों के साथ ही कर्मचारियों का भी धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सड़क कार्यों की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने जनपद क्षेत्रातर्गत सड़क निर्माण व चौड़ीकरण हेतु भूमि हस्तांतरण प्रकरणों की समीक्षा संबंधित कार्यदाई संस्थाओं, राजस्व एवं सीएएलए आदि विभागों के साथ की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को म्यूटेशन, सर्वे आदि के बाबत निर्देश दिए। वही अपर जिलाधिकारी



एवं सीएएलए के अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्थाओं की ओर से जो भी पत्र प्राप्त हुए हैं अथवा होते हैं उनके प्रत्युत्तर शीघ्र दे दिये जायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी एफआर चौहान, उप जिलाधिकारी दिवेश शाशनी व भगत सिंह फोनिया, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी अनुराग आर्य, बीआरओ से कैप्टन राशि, सहायक अभियन्ता सिविल द्वितीय कमान अधिकारी 83 आरसीसी रमेश चन्द्रा, आइटीबीपी व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# साक्षी के हत्यारे को फांसी देने की मांग



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सचिव नन्दकिशोर आर्या के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से दिल्ली की साक्षी के हत्यारे मोहम्मद साहिल खान को फाँसी देने की मांग करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन भेजा गया। योगेन्द्र कुमार साहू व पूजा लटवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि लव जिहादी मोहम्मद साहिल खान ने दिल्ली की साक्षी को सरेआम चाकू से गोदकर पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या कर अपने आतंकवादी होने का सबसे बड़ा सबूत दिया है। उसे तुरन्त फाँसी देकर उसकी मौत का वीडियो बनाकर सार्वजनिक किया जाए। इस दौरान संस्था संरक्षक हरीश चन्द पाण्डे, बलराम हालदार, पीयूष शर्मा, उमाकान्त दास, मनोज कुमार, मुकेश साहू, प्रदीप राय, रितिक साहू, बरखा शर्मा, मंजू शाह, चंपा त्रिपाठी, सुनीता तिवारी, पूजा जोशी, जानकी रैगाई, रिंकी गुप्ता, प्रीती आर्या, शैफाली जयसवाल, कंचन जोशी, काजल खत्री, नीतू रौतेला, नन्दकिशोर आर्या, राजेश साहू, प्रणव विश्वास, मनोहर मांझी, नीलेश गुप्ता, जानकी कश्यप, सुशील राय, संदीप यादव, रोहतास प्रजापति, अशोक बाल्मीकि, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार आदि लोग उपस्थित रहे।

# सिक्स सिग्मा के छात्रों का टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड में हुआ कैंपस प्लेसमेंट



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का कैम्पस प्लेस्मेंट कराया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन की देख रेख में हुई। जिसमें कम्पनी के एच. आर. मैनेजर आनंद जोशी व क्वालिटी क्वालिटी हेड अनूप द्वारा सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण, कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी । इस प्रक्रिया में एसएसआईटीएस, गेट बाजपुर,गोव्ट पॉली बाजपुर व यूआईटीपीई के कुल 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमे से 28 का चयन हुआ। छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया । संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट टीम मेम्बर वंश डाबर, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह जी, व सीएओ अनुभव बाठला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने चयन के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा।



Created by Universal Document Converter

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## क्यों खामोश हैं मोदी

रष्ट्र में ऐसा क्यों हो रहा है और प्रधानमंत्री मोदी बिल्कुल खामोश, तटस्थ हैं। नए संसद भवन के लोकार्पण के दौरान लोकतंत्र की खूब परिभाषाएं दी गईं। उपमाएं और रूपक गढ़े गए। एहसास होता रहा कि लोकतंत्र आज नए सिरे से जीवंत हो उठा है! लेकिन कुछ दूरी पर देश की महान बेटियों के साथ बदसलूकी की जा रही थी। प्रधानमंत्री तो उन खिलाड़ी-बेटियों को अपना परिवार मानते रहे हैं। सार्वजनिक रूप से घोषणा भी की गई है। प्रधानमंत्री आवास पर उन्हें सम्मानित किया गया है। पद्मश्री और खेल-रत्न सरीखे अवार्ड से भी नवाजा गया है। यह पदक जीतने की कीमत नहीं थी। वे तो बहुमूल्य हैं, बेशकीमती हैं। उन्हीं पदकवीर बेटियों को पुलिस ने सडकों पर घसीटा और गालियां भी दीं। क्या आज देश की आन-बान-शान 'अपराधी' हो गई? पुलिस ने गंभीर धाराओं में उनके खिलाफ प्राथमिकियां भी दर्ज कीं। क्या मजाक है? अंततः भारत को गौरवान्वित करने वाली, 'तिरंगे' को अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिलाने वाली और 'राष्ट्रगान' की धुन बजने का अवसर पैदा करने वाली बेटियां पहलवान गंगा मैया में अपने 'विजयी पदकों' को प्रवाहित करने को विवश क्यों हुईं? आखिर यह नौबत क्यों आई? बेशक बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह पदक की कीमत 15 रुपए आंकता रहा, लेकिन भारत ऐसे कितने पहलवान या खिलाड़ी पैदा कर सका है, जो अंतरराष्ट्रीय गौरव के प्रतीक बने हैं? 142 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले देश में कितने खिलाड़ी हैं, जो ओलंपिक खेलने की पात्रता हासिल कर सकते हैं? ओलंपिक में जीतना और पदक प्राप्त करना तो बहुत दूर की कौड़ी है। साक्षी मलिक रियो ओलंपिक्स की कांस्य पदक विजेता पहलवान हैं। विनेश फोगाट, साक्षी और बजरंग पूनिया राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती के चौम्पियन रहे हैं। बजरंग तो विश्व में नंबर वन पहलवान रहे हैं और टोक्यो ओलंपिक्स के कांस्य पदक विजेता हैं। इन पहलवानों के नाम ढेरों उपलब्धियां हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। सालों की अनथक मेहनत, प्रशिक्षण और संकल्प के प्रतीक रूप हैं ये पदक! अब ये पदक पहलवानों के निजी नहीं हैं। ये भारत देश के पदक हैं और आत्मा की तरह अनश्वर और अमर हैं। ओलंपिक्स, राष्ट्रमंडल, एशियन, विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं के रिकॉर्ड में ये पदक 'भारत के नाम' दर्ज हैं। यकीनन खिलाड़ी का नाम भी होता है। हालांकि कुछ बुजुर्ग किसान नेताओं के हस्तक्षेप से फिलहाल पदक गंगा में विसर्जित नहीं किए जा सके। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत को पदकों की पोटलियां सौंप दी गई हैं, लेकिन मात्र 5 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। यदि बेटी पहलवानों को, इस दौरान, इंसाफ नहीं मिला, तो फिर क्या होगा? क्या फिर गंगा में प्रवाहित करने की नौबत आ जाएगी? निराश, रोती, माथा पकड़ कर सिर नीचा किए गंगा घाट पर बैठीं तनावग्रस्त महिला पहलवानों को ऐसा नहीं करना चाहिए। गंगा घाट वाले दृश्य मर्माहत हैं और देश के तौर पर भारत को शर्मसार करने वाले हैं। क्या देश में पदकवीर खिलाडियों का सामाजिक सम्मान बस यही है कि उन्हें सडक पर ला दिया जाए? प्रधानमंत्री अपने आवास पर बुलाकर दिलासा क्यों नहीं दे सके? इससे कौन-सी राजनीति ध्वस्त हो जाएगी? बहरहाल ये पदक राष्ट्रीय धरोहर, संपदा और प्रतीक हैं। उन्हें प्रवाहित करने की सोचना भी गलत है।

# मेरिट में आये विद्यार्थियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर के छात्र-छात्राओं ने राज्य की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करने वाले इन छात्र-छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी उधम सिंह नगर ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा के परिणाम आये जिसमें स्थानीय जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर के 6 छात्र-छात्राओं हाईस्कूल में श्रेयसी पाण्डे(96.8प्रतिशत), मो0जैद (95.2प्रतिशत), विशाल रस्तोगी (95.6प्रतिशत), मयंक(94.44प्रतिशत) तथा इण्टर में आकाश सरकार(93.4प्रतिशत), मो0 अनस(92.8प्रतिशत) ने राज्य की श्रेष्ठता सूचि में स्थान प्राप्त कर पूरे प्रेदेश में जनता इंटर कॉलेज रूद्रपुर का परचम लहराया है। हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में 142 आनर्स तथा 368 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। मुख्य शिक्षा अधिकारी उधम सिंह नगर ने मेरिट में आने वाले एवं प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की औरयह भी कहा कि यह छात्र-छात्रएं अन्य छात्र-छात्राओं के लिए रोल मॉडल बनेंगे। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के परीक्षाफल पर भी बहुत खुशी जाहिर की और कहा कि क्वांटिटी के साथ-साथ क्वालिटी परीक्षाफल देने के लिए जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रधानाचार्य एवं प्रबंध समिति बधाई के पात्र है। विद्यालय के प्रबंधक पवन अग्रवाल ने भी उत्कृट परीक्षाफल देने वाले छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य को बहुत बहुत बधाई दी एवं सब के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह छात्र-छात्राएं भविष्य में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां अर्जित करेंग ऐसी शुभकामना है। इस अवसर पर संजय आर्य, अर्जुन सिंह, मनोज सिंह, विजय त्रिवेदी, अमित कपूर, दीप कुमार पंत, गोविन्द, सुरेश गुप्ता, संजीत चक्रवर्ती, देव्रत वर्मा तजेन्द्र, देवेन्द्र पटेल, लाल बहादुर, रंजीत राज, अमित भारती, मुकेश, चम्पा, निधी, जूली, प्रीति ग्रोवर, माया राज, आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# रेगूलेटर लगाते समय भड़की आग, तीन झुलसे

गदरपुर(उद संवाददाता)। गैस सिलेंडर में रेगुलेटर लगाते समय चूल्हे ने आग पकड़ ली। इसके बाद आग ने घर में रखे सामान को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे हड़कम्प मच गया। आग बुझाने के प्रयास में तीन लोग गंभीर रुप से और तीन मामूली रुप से झुलस गये। आसपास के पहुंचे लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया जिससे बड़ा हदसा होते बच गया। ग्राम डोंगपुरी कॉलोनी निवासी राजपाल पुत्र रघुबीर सिंह अपने घर के बरामदे में रखे सिलेंडर में रेगुलेटर लगा रहा था। उसी दौरान सिलेंडर से गैस की लीकेज हो गई और घर में जल रहे चूल्हे से गैस ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने घर में रखे सामान को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घर में हड़कंप मच गया। जब तक परिवार के लोग कुछ समझते तब तक राजपाल पुत्र रघुवीर सिंह नीरज देवी पत्नी कोमल सिंह प्रियंका पुत्री लाखन सिंह गंभीर रूप से झुलस गये। जबकि आग बुझाने के प्रयास में संतोष पत्नी लाखन सिंह ,रोहित पुत्र लाखन सिंह, जसवीर पुत्र लाखन सिंह मामूली रूप से झुलस गये। इस दौरान घर में लगे परदों को भी काफी नुकसान हुआ है। आसपास के पहुंचे लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गंभीर रूप से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया लोगों ने इसकी सूचना गैस एजेंसी और तहसील कर्मियों को दी। सूचना पर तहसील से राजस्व कर्मी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि राज्यपाल ने सोमवार को गैस एजेंसी से नया गैस सिलेंडर लिया था और बुधवार को रेगुलेटर लगाने के दौरान हादसा हो गया। गैस एजेंसी कर्मियों का कहना था कि मामले की जांच की जाएगी।



## महिला की हत्या के मामले का महिला आयोग ने लिया संज्ञान

रूद्रपुर। बाजपुर क्षेत्र के ग्राम कनौरा में एक महिला का शव गन्ने के खेत में मिलने की खबर को लेकर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कंडवाल ने मामले में संज्ञान लिया है। उन्होंने मामले का संज्ञान लेते हुए एसपी क्राइम श्री चंद्रशेखर से बात करते हुए उक्त मामले की जानकारी ली जिस पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर ने बताया कि महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गयी है तथा महिला की हत्या के आरोपी को पकड़ लिया गया है और उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की निन्दा करते हुए महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा है कि ऐसे अपराधियों के विरुद्ध शीघ्रता से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए और मामले मे अपराधी छूटना नही चाहिए।

# संतान के लिए मातृ- पितृ प्रथम गुरु और भगवान के समतुल्य

**वैश्विक मातृ पितृ दिवस पर विशेष**



मातृ पितृ दिवस जिसे मातृ पितृ पूजन दिवस भी कहा जाता है। इस दिन सभी धर्मों के बच्चे अपने माता-पिता की पूजा करते हैं और उन्हें तिलक, माला चढ़ाकर उनका आशीर्वाद लेते हैं। इसे कई लोग परिवार के सदस्यों के बीच बंधन को मजबूत करने और बच्चों में सम्मान, आज्ञाकारिता और विनम्रता जैसे अच्छे मूल्यों को आत्मसात करने के तरीके के रूप में देखते हैं। लोक निर्देश निदेशालय के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के स्थान पर माता-पिता पूजा दिवस के रूप में मनाया जाता है। माता-पिता को स्कूलों में आमंत्रित किया जाता है। जहां उनको पुष्पा हार पहनाकर चरण स्पर्श और मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र दुनिया भर में सभी माता-पिता को सम्मानित करने के लिए हर साल एक जून को वैश्विक मातृ-पितृ दिवस मनाता है। भारतीय संदर्भ में पौराणिक काल में श्रवण कुमार का उदाहरण स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, जो युगो युगो से माता पिता के प्रति संतान का दायित्व और माता पिता की महत्ता को सर्वोत्तम रूप से महिमामंडित करता है। श्रवण कुमार अपने अंधे माता पिता को अपने कंधों में रखे कांवर में बिठाकर पैदल ही तीर्थ यात्रा और माता पिता की सेवा के लिए अथक परिश्रम करते हैं। ऐसी संतान पाकर माता-पिता भी कृत कृतार्थ हो जाते हैं। अरे अगर श्रवण कुमार नहीं होते तो शायद रामायण भी रामायण नहीं होती। रामायण की कथा के मूल में श्रवण कुमार ही तो हैं। श्रवण कुमार का रामायण की कथा से बहुत ही गहरा महत्वपूर्ण संबंध है। जब भगवान राम के पिता महाराज दशरथ ने जंगल में आखेट के समय धोखे से श्रवण कुमार पर शब्दभेदी बाण चला दिया, जिससे श्रवण कुमार की मृत्यु हो जाती है। मृत्यु पूर्व श्रवण कुमार अपने माता पिता को लेकर काफी व्यथित होते हुए महाराज दशरथ को यहऽ श्राप दे देते हैं कि तुम भी अपनी संतान के वियोग में तड़पोगे और मृत्यु को प्राप्त होगे राजन, जैसे कि आज मेरे मृत्यु पश्चात मेरे माता-पिता भी मेरे वियोग में तड़प तड़प कर जान दे देंगे। (टीप:-इस उद्धरण में कुछ मत भिन्नता है! कुछ धार्मिक ग्रंथों में राजा दशरथ को श्राप देने के विषय में अलग-अलग मत हैं, अर्थात इस मत में कहा गया है कि , पुत्र की मृत्यु हो जाने पर उसके शोक में श्रवण के माता-पिता ने राजा दशरथ को श्राप दिया था) इसी श्राप के कारण ही राजा दशरथ को अपनी प्रिय संतान श्री राम का वियोग सहना पड़ा और श्री राम भगवान को चौदह वर्ष वनवास मैं जाना पड़ा। वे अगर बनवास ना जाते तो ना तो माता सीता का हरण होता और ना लंका युद्ध होता और न ही रावण का वध होता। और यह सब ना होता तो रामायण की कथा कैसे बनती। खैर हम वापस वर्तमान की ओर आते हैं। वैश्विक मातृ-पितृ दिवस, अपने बच्चों के पालन-पोषण और सुरक्षा में परिवार की प्राथमिक जिम्मेदारी को सम्मानित और प्रतिष्ठ करता है. इसलिए, यह दिन अपने बच्चों के लिए सभी माता-पिता की निस्वार्थ प्रतिबद्धता को स्वीकार करता है, जिसमें इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन बलिदान शामिल हैं।वैश्विक मातृ-पितृ दिवस बच्चों के पालन-पोषण में माता पिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है. दुनिया भर में सभी माता-पिता को सम्मानित करने के लिए 2012 में महासभा द्वारा इस दिन को नामित किया गया था. एक छ जून 2022 को विश्व के कई देशों में मातृ-पितृ दिवस मनाया जा रहा है। मातृ दिवस के पूरक उत्सव के रूप में पिता दिवस दुनियाभर के पिताओं के सम्मान में मनाया जाता रहा है। यह एक तरह से पितृत्व के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। पिता होने तथा उनकी सत्ता को एक गौरव का विषय मानकर उनके लिए भोज, एवं पारिवारिक गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसके साथ ही कई अन्य रोचक बातें भी इससे संबंधित हैं। इसे मातृ दिवस का पूरक इसलिए माना गया क्योंकि इससे पहले पितृ दिवस का अस्तित्व नहीं था। जिस प्रकार स्त्री श्रम के सम्मान हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्त्री दिवस तथा मातृदिवस में मां होने के गौरव को सम्मानित करने के लिए एक दिवस आयोजित हुए उसी प्रकार इसकी भी शुरुआत हुई। समाज केवल स्त्री को ही स्त्री नहीं बनाता बल्कि एक पुरुष को भी पुरुष बनने और बने रहने को बाध्य करता है। पुरुषत्व के कारण एक पुरुष दहाड़ मारकर रो नहीं सकता, सिसक नहीं सकता, गृहस्थी में हाथ बंटा नहीं सकता, बच्चों और अपनी पत्नी के प्रति प्रेम की अभिवयक्ति खुलकर नहीं कर सकता क्योंकि इसकी इजाजत उसे समाज नहीं देता। समाज पुरुष को कठोर बने रहने, भावनाओं को काबू में करने, परिवार को, समाज को यहां तक की देश को नियंत्रण में रखने की शिक्षा देता है। इसका उदाहरण है कि भारत मे इन्दिरा गांधी के बाद भी कोई महिला प्रधानमंत्री आजतक नहीं बन पाई है, क्योंकि हमारे देश में आज भी यह रूढ़िवादी मानसिकता है कि किसी बड़े देश, वर्ग तथा बड़े काम को संभालने का हुनर केवल पुरुषों के पास है। यही हाल सेना, बड़े कार्पोरेट जगत, फिल्म, मीडिया तथा साहित्य में विद्यमान है। लेकिन सकारात्मक बात यह है कि ये रूढ़ियां अब धीरे-धीरे टूट रही हैं। अब महिलाओं को भी इन संस्थानों में जगह मिल रही है। लेकिन यह सब इतनी आसानी से नहीं हो रहा है बल्कि इसके लिए महिलाओं ने खुद को साबित करके दिखाया है। एक लंबे संघर्ष का इतिहास रहा है। अब महिलाओं को कमजोर मानने की परंपरा को चुनौती मिल रही है। लेकिन चीजें अभी और बदलनी बाकी हैं। पुरुष को पितृसत्तात्मक बनाने में सामाजीकरण का बहुत योगदान है।बचपन से ही जेंडर के आधार पर स्त्री पुरुष में किए गए भेदभाव, स्त्री को घर के कामकाज में प्रमुखता दिया जाना और पुरुषों को सुपीरियर मानना इसकी जड़ों में है। यहां तक की किताबों, विज्ञापनों और रोजमर्रा के व्यवहार में स्त्री की हीनता की बातें दुहराई जाती हैं। आभूषण, रंग, प्रतीकों, कपड़े तथा खिलौने भी स्त्री और पुरुष के लिए अलग अलग हैं। इस स्थिति में बड़ा हो रहा बच्चा यह मानने के लिए मजबूर हो जाता है कि स्त्री तथा पुरुष के बीच में भेदभाव है। उदाहरण के लिए छोटी कक्षाओं की पुस्तकों में चित्र के माध्यम से दिखाया जाता है कि मां रोटी बना रही है और पिता अटैची लेकर काम पर निकल रहे हैं। खिलौने भी अलग-अलग हैं। छोटी बच्चियों को जहां गुड़िया, किचन सेट आदि दिया जाता है वहीं पुरुष बच्चों को बंदूक, गाड़ी, गेम आदि। कुछ परिवारों में लड़कियों को चौदह वर्ष के बाद बाहर खेलना , बातें करना आदि से वंचित कर दिया जाता हैं। वही रंगों में भी लड़कियों के लिए गुलाबी रंग और बच्चों (पुरुष )के लिए नीले रंग का चुनाव किया जाता है घ्यदि प्रतीकों के माध्यम से वस्तुओं की महानता का बंटवारा है, तो भेदभाव बनना लाजिमी है। आकाश नीला है, समुद्र नीला है यहाँ तक की पौरुष से भरे हुए देवताओं का रंग नीला है।आकाश अनंत है और समुद्र विशाल अतः रंगों के चयन में विशालता और महानता के लिए इस रंग को चुन लिया गया जबकि इनका नीला दिखना एक रासायनिक क्रिया है। अतः सभ्यता की शुरुआत में ही पुरुष प्रधानता के लिए नीले का चयन किया गया न कि गुलाबी का। पिता ने समाज के विकास के साथ ही अपने रूप में भी परिवर्तन किया है। आज से साठ साल पहले के पिता समाज से इतना डरते थे कि अपने बच्चे को प्रेम करने पर भी उन्हें कई बातें सुना दी जाती थी। विशेष रूप से जवान हो रहे पुत्र और पुत्रियों में पुत्र पर दवाब इसलिए कि आगे चलकर उनकी संपत्ति को संभालने के काबिल बन सके, अगली पीढ़ी का वारिस बनकर लोगों पर वर्चस्व स्थापित कर सके। पिता अपने पुत्र और पुत्री की शिक्षा, व्यवसाय, वस्तुएं यहां तक की उनके सपनों पर भी दखल देते थे। उस समय के पिता अपनी पत्नियों से भी अपने माता-पिता के समक्ष प्रेम, सम्मान आदि अभिवक्त नहीं कर सकते थे, क्योकि उनका उपहास उड़ाया जाता था। आलम यह था कि स्त्रियों के किसी कार्य में मदद करना दूर की बात थी। इससे उस स्त्री का दोहरा शोषण होता था। एक तो ससुराल के लोगों द्वारा और जाने-अनजाने खुद के पति द्वारा जो कठोर व्यवहार को अपना पौरुष समझते थे। बेटे तो कई बार पिता को अनसुना भी कर जाते हैं लेकिन इसका उल्टा प्रभाव बेटियों पर पड़ता है। पिता उन्हें इज्जत और अपने सम्मान से जोड़ देते हैं कि यदि उनकी पुत्री ने खुद की मर्जी से विवाह कर लिया, प्रेम कर लिया या कोई अलग राय स्थापित कर ली तो इससे पिता की नाक कट जाएगी। नाक सदियों से स्त्री के आचरण से ही कटता आया है पुरुष चाहे कुछ भी अवांछित और असभ्य ही क्यों न कर ले। । मात पिता के चरणों में, सारा ब्रह्मांड समाया है।। जिनकी ही कृपा से तो मैंने अपना यह जीवन पाया है ।। उन मात पिता ने ही मुझको, जन्मा है पोसा पाला है ।। बने सुखों का वृक्ष सदा, पर खुद ने सुख ना पाया है।।

**-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

Created by Universal Document Converter

# जल संरक्षण के लिये जनमानस को करना होगा जागरूक: राजेश



अल्मोड़ा( उद संवाददाता)।जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल शक्ति अभियान कैच द रेन अभियान के तहत संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार राजेश सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कैच द रेन अभियान व कोसी पुर्नजनन अभियान के अन्तर्गत जल संरक्षण हेतु किये गये कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। इस दौरान पेयजल निगम व जल संस्थान, सिंचाई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये गये कार्यों की जानकारी संयुक्त सचिव को दी। अधिकारियों द्वारा बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में हर घर जल-हर घर नल के तहत 70 प्रतिशत लोगों को पानी के कनैक्शन दिये जा चुके है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जो गॉव अभी छूट चुके है उन गॉवों में इस योजना का कार्य गतिमान है। संयुक्त सचिव ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि इस कार्य में जहां वन भूमि हस्तान्तरण के मामले लंबित है उसके लिये भारत सरकार से समय-समय पर पत्राचार किया जाय ताकि वर्ष 2024 तक इस योजना का लाभ सभी लोगों को दिया जा सके बैठक में कोसी पुर्नजनन अभियान समन्वयक शिवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पावर पांइट के माध्यम से कोसी पुर्नजनन अभियान के अन्तर्गत जल संरक्षण हेतु किये गये कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोसी पुर्नजनन अभियान के अन्तर्गत जल संरक्षण हेतु लगातार किये गये कार्यों से कोसी नदी के जल स्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने बताया कि कोसी क्लीनअप अभियान के तहत 51 किलोमीटर के अन्तर्गत एक दिन के भीतर 28 टन कूड़ा एकत्र किया गया। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड धौलादेवी में स्थित ग्राम पंचायत धसपड़ द्वारा कराये गये जल संवर्धन संरक्षण एवं संकलन सम्बन्धी कार्यों हेतु वर्ष 2020 में तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कार से केन्द्रीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय की ओर से पुस्कार दिया है। इस दौरान संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार राजेश सिंह ने कहा कि हमें जल संरक्षण के लिये ग्राम पंचायतों सहित आम जनमानस को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें जल संरक्षण के कार्यों और अधिक प्रभावी बनने हेतु कार्ययोजना बनानी होगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल-हर घर जल का कार्य तो किया जा चुका है मगर इन नलों में पानी बना रहे इसके लिये हमें जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा।संयुक्त सचिव ने कहा कि जिस प्रकार से जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण हेतु जमीनी स्तर पर काफी होमवर्क व डाटा एनालिसिस का जो कार्य किया गया है इस कार्य को देखते हुये इनका चयन लिम्का बुक के लिये हो सकता है। उन्होंने कहा कि जनपद में 05 नदियों का अलग-अलग जोन निर्धारित किये गये है इस हेतु जल संरक्षण का कार्य किया जाना है उन्होंने कहा कि जल शक्ति केन्द्र को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास किया जाय। उन्होंने कहा कि विगत 04 माह बाद जल संरक्षण हेतु जो कार्य किये जायेंगे उन कार्यों की फिर से समीक्षा की जायेगीइस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह ने संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार को जनपद में जल संरक्षण संर्वद्धन हेतु किये कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की इस अवसर पर केन्द्रीय भूजल बोर्ड इबादुर रहमान, परियोजना निदेशक चन्द्रा फर्त्याल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे

# सम्पत्ति के लिए पूर्व पार्षद पर पिस्टल व राईफल से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पैतृक सम्पत्ति पर कब्जा करने के लिए पूर्व पार्षद पर उसके बड़े भाई व भतीजे द्वारा पिस्टल तथा राईफल से हमला कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पूर्व पार्षद गौरव खुराना पुत्र स्व. कृष्ण लाल खुराना निवासी वार्ड नंबर 30 ने कहा है कि 31मई की रात्रि लगभग 9 बजे जब वह अपने घर पहुंचा तो उसके बडे भाई सचिन खुराना, भाभी नीलू खुराना ,भतीजा अमन खुराना उसकी माँ के कमरे मे घुसकर उनसे गाली गलौच कर मारपीट कर रहे थे और कह रहे थे कि बुढ़िया ये मकान हमारे नाम कर दे नही तो तुझे और तेरे बेटे गौरव खुराना व उसके परिवार को जान से मार देगे। गौरव का आरोप है उसके घर पहुंचते ही सबने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। भतीजे अमन ने पिस्टल व भाई सचिन ने राइफल से उस पर हमला कर दिया। उसने अपने कमरे मे छिपकर जान बचायी और अपने दोस्तो को फोन कर बुलाया । जिस पर उसके दोस्तों ने आकर उसकी जान बचायी। गौरव का कहना है उसके भाई के पास दो लाईसेंसी असलहा है जिस कारण उसे व उसके परिवार की कभी भी हत्या हो सकती है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वन भूमि हस्तांतरण के मामलों में लाएं तेजी: डीएम

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। जनपद में मुख्यमंत्री घोषणाओं में विभागों द्वारा किए गए अद्यतन कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त घोषणाओं के कार्यों का निस्तारण समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिये बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियो को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय साथ जो समय अवधि निर्धारित की गयी है उसी के अन्तर्गत सभी विकास कार्य किये जाय इस कार्य में किसी प्रकार कि लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इस बात का विशेष ध्यान रखे कि किये गये कार्य की प्रगति रिपोर्ट और व्यय धनराशि रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को समय से भेजी जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वन भूमि हस्तान्तरण के लंबित मामलों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में मुख्यमंत्री घोषणायें शासन स्तर पर लंबित है उनके घोषणाओं के लिये शासन को समय समय पर पत्राचार किया जाय जिलाधिकारी ने कहा कि होने वाले कार्यों का फील्ड विजिट कर तथा स्टीमेट बनाकर टेंडर प्रक्रिया को करना सुनिश्चित करें साथ जो कार्य पूर्ण हो चुके है उन कार्यों का उपयोगिता प्र्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग को समय से भेजना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने पेयजल, चिकित्सा, संस्कृति, सिंचाई, पर्यटनपीडब्ल्यूडी, शिक्षाजल संस्थान विद्युत पर्यटन बाल विकास, शहरी विकास, उद्यान विभाग सहित सभी संबंधित विभागों की द्वारा वर्तमान मंकिये गये कार्यों की क्रमवार समीक्षा की और निर्देश दिये अपने अपने स्तर के सभी कार्यों को ससमय से किया जाय बैठक में अपर जिलाधिकारी सी0एस0 मर्तोलिया, परियोजना निदेशक चन्द्रा फर्त्यालय सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# डिपो स्वामी दीपक जैन के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन जिला इकाई की एक शोक सभा आयोजित की गई । जिसमे सिसई खेड़ा निवासी सस्ता गल्ला विक्रेता दीपक जैन के एक सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो जाने पर गहरा दु:ख व्यक्त किया गया। शोक सभा मे दो मिनट का मौन रखकर स्व. दीपक को श्रद्धांजली अर्पित कर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे एवं परिवार को इस दु:ख की घड़ी में शक्ति प्रदान करें।शोक प्रकट करने वालो में जिला अध्यक्ष राजेन्द्र बांगा, मदन खन्ना, देवेन्द्र चौहान, सुधीर सिंह, बृजकिशोर, विनोद सारस्वत, सार्थक अग्रवाल, अशोक बत्रा, अजय कालड़ा, रवि खुराना, जसविन्दर सिंह, श्याम सुन्दर, किशन पाल, नरेश अग्रवाल, नरेश सागर, आदि शामिल रहे।

# आज ही छोड़े धूम्रपान, चुनें स्वस्थ जिदंगी

हमारी दिनचर्या की गतिविधियां शारीरिक-मानसिक, दोनों तरह की सेहत को प्रभावित करती हैं। यही कारण है कि सभी लोगों को उन आदतों से दूरी बनाने की सलाह दी जाती है, जिनसे सेहत को नुकसान हो सकता है। धूम्रपान की आदत को अध्ययनों में सेहत के लिए बहुत ही हानिकारक बताया गया है। सिगरेट के धुएं में मौजूद टार फेफड़ों में जमा होने लगते हैं जिससे सांस से संबंधित कई तरह की दिक्कतों का जोखिम बढ़ जाता है। चेन स्मोकर्स में, अन्य लोगों की तुलना में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के विकसित होने का जोखिम कई गुना अधिक हो सकता है। इस पर हुए अनेकों शोध बताते हैं कि हृदय रोग से लेकर कैंसर तक, धूम्रपान की आदत सेहत को कई तरह से प्रभावित कर सकती है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि सिगरेट की कश के 10 सेकंड के भीतर, तंबाकू के धुएं में मौजूद जहरीले रसायन आपके मस्तिष्क, हृदय और अन्य अंगों तक पहुंच जाते हैं।धूम्रपान एवं तंबाकू का सेवन आपके शरीर के लगभग हर हिस्से को नुकसान पहुंचाता है और कई रोगों के खतरे को बढ़ा सकता है। अगर इस आदत से छुटकारा पा लिया जाए तो कई तरह की गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है।



**कैंसर का जोखिम:** भारत समेत कई अन्य देशों में हुए शोधों के अनुसार सभी प्रकार के कैंसर के लगभग 20 फीसदी मामलों के लिए धूम्रपान को प्रमुख कारक माना जाता है। फेफड़े के कैंसर के 80% मामलों के लिए स्मोकिंग को जिम्मेदार माना जाता है। इसके अलावा अधिक धूम्रपान वाले लोगों में लीवर,आंत,पेट और मुंह के कैंसर का भी जोखिम काफी बढ़ जाता है।

**फेफड़ों को नुकसान:**धूम्रपान आपके फेफड़ों के वायुमार्ग और वायु थैली को नुकसान पहुंचाता है। समय के साथ यह आदत फेफड़े के कार्यक्षमता को भी खराब कर देती है। धूम्रपान के धुएं के कारण फेफड़े की गंभीर दीर्घकालिक बीमारियां, जैसे कि क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), निमोनिया और टीबी, फेफड़ों के संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है। फेफड़ों की समस्या के कारण मृत्यु का जोखिम काफी अधिक हो सकता है।

**रक्त वाहिकाओं को क्षति:**तंबाकू का सेवन, विशेषकर धूम्रपान के रूप में आपके हृदय और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। धूम्रपान कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएचडी) का प्रमुख कारण है, जिसमें धमनियां, हृदय की मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन युक्त रक्त की आपूर्ति नहीं कर पाती हैं। सीएचडी दिल के दौरे का प्रमुख कारण है। इससे मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

**हार्ट अटैक का प्रमुख कारण:** युवाओं में सिगरेट, तंबाकू, पान मसाला, बीड़ी, खैनी के सेवन का चलन बढ़ गया है। कम उम्र में ही इनके सेवन से युवाओं को तमाम बीमारियां घेर रही हैं। तंबाकू में मौजूद निकोटिन चबाने से रक्त में मिल जाती है। जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल का जमाव होने लगता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल के जमाव से धमनियां संकुचित हो जाती हैं। जिससे ह्रदय को पर्याप्त मात्रा में रक्त नहीं मिल पाता है।पर्याप्त मात्रा में रक्त नहीं मिलने पर दिल का दौरा पड़ जाता है। अक्सर देखा जाता है जिम करते समय, ठहलते समय हार्ट अटैक आ रहा है। तंबाकू के सेवन से एड्रीनल ग्लैंड क्रियाशील होता है। जिससे हार्मोन इपीमेफ्रीन का उत्सर्जन होता है, जो हार्मोन सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित कर रहा है। तंबाकू का पूर्णरूप से त्याग ही इसका एक मात्र बचाव है।

-डा. कपिल शर्मा, रूद्रपुर

# रेस्टोरेंट संचालक आठ पेटी शराब के साथ गिरफ्तार

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। सोमेश्वर थानांतर्गत चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने रनमन कस्बे के एक रेस्टोरेंट से 08 पेटी अवैध अंग्रेजी व देशी मदिरा पकड़ी। मामले पर रेस्टोरेंट संचालक को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ सोमेश्वर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर दिया है। चेकिंग के दौरान रनमन स्थित गोस्वामी रेस्टोरेन्ट से 08 पेटी अवैध अग्रेंजी एवं देशी शराब बरामद होने पर रेस्टोरेंट आरोपी मनोज गिरी पत्र आनंद गिरी निवासी सिमखोला, थाना सोमेश्वर को गिरफ्तार किया गया। मामले के संबंध में थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय सिंह नेगी ने बताया कि आरोपी अपने रेस्टोरेन्ट में अवैध रुप से लोगों को शराब पिलाकर व बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहा था, जो चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। बरामद शराब में 144 पव्वे अंग्रेजी व 215 पव्वे देशी शराब के शामिल हैं। जिसकी कीमत 37,400 रुपये बताई गई है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विजय नेगी, अपर उप निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, कांस्टेबल सूरज बोरा, एचजी प्रकाश डंगवाल आदि शामिल रहे।



# दिव्यांगों को वितरित किए उपकरण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। दिव्यांग जनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण किए जाने के उद्देश्य से विकास भवन प्रांगण में जिला प्रशासन के तत्वाधान में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा, नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र रावत एवं मुख्य विकास अधिकारी वरूण चौधरी द्वारा 127 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गये। इस अवसर पर दीपिका बोहरा ने अपने सम्बोधन में दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी अंग के न रहने पर मानसिक रूप से कमजोर न पड़े। अपने आप को मजबूत बनाये। स्वरोजगार व रोजगार पाने के लिए प्रयास करें। प्रशिक्षण लें तथा कुछ न कुछ कार्य अवश्य करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि वर्ष 2021-22 में एडिप योजना के अन्तर्गत जनपद में 127 दिव्यांगजनों का परीक्षण हुआ था। जिन्हें शिविर का आयोजन कर सहायक उपकरण वितरित किए गये हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में दिव्यांग जनों को व्हील चेयर, सीपी चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट कैन, रोलेटर, छड़ी, बैशाखी, मानसिक बच्चों की किट आदि वितरित किये गये। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर विकलांग प्रमाण पत्र भी बनाये गये। इन दिव्यांगों को आगामी समय में सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।



## पेज एक का शेष...

**गरीबों को उजाड़ने के....**सिंह नगर को उत्तराखंड में शामिल किया गया था। श्री बेहड़ ने कहा आज बड़ा दुख हो रहा है राज्य की स्थापना में विरासत में मिले हुए लोगों को अतिक्रमण के नाम पर उजाडा जा रहा है। बेघर किया जा रहा है। इनका इतिहास 40 से 50 वर्षो पुराना है, क्या उस समय के अधिकारी दोषी नही है सरकारें दोषी नही है, विभिन्न विभागों के लोग अधिकारीगण जिनके रहते हुए लोग बसे, दुकाने मकान बनायें आज वही अधिकारी सरकारी जमीन समझकर हटाने का नोटिस दे रहे हैं। बुलडोजर चला रहे हैं आखिर इन सब का जिम्मेदार पूर्व की सरकारें और अधिकारी नही है। श्री बेहड़ ने कहा कि तराई के अंदर किसानों को जमीनें जंगलों को आबाद करने को दी गई थी, उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व गोबिंद बल्ल्भ पंत एवं मेजर संधू ने लोगो को बसाया था, ज्यादातर लोग पाकिस्तान के बंटवारे के बाद यहाँ आये थे, स्वतंत्रता सेनानियों के गाँव बसाये गए। आज सरकार व उनके अधिकारी किसानों की बंजर भूमि वर्ग 4 व अन्य प्रकार की जमीनों को ढूंढ रहे हैं निशान लगा कर पीलर लगाए जा रहे हैं। ऐसी जमीनें जो आजादी के बाद से किसान जोत रहे हैं उन्हें राज्य सरकार कब्जे में लेने की तैयारी कर रही है।श्री बेहड़ ने कहा कि पंतगर यूनिवर्सिटी कर अंदर जो बस्तियां हैं उनको उजाड़ने की तैयारी चल रही है, जबकि यूनिवर्सिटी के अधिकांश लोग वहीं मजदूरी करते हैं, जब यूनिवर्सिटी खुद खेती करती थी तभी से यह लोग खेती का काम करते थे, इनकी बदौलत यूनिवर्सिटी का फार्म आज तक चल रहा है, कई पीढ़ियाँ हो हई काम करते हुए पंतनगर को आबाद करने में इनका अहम योगदान है परन्तु अब इन गरीब मजदूरों को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है।श्री बेहड़ ने कहा बड़ा दुख हो रहा है तराई के चुने हुए जनप्रतिनिधि पूर्व जनप्रतिनिधि क्यों खामोश हैं, उनको किस बात का भय है क्यों नही बोलते। चाहे सांसद हो चाहे विधायक हो या फिर नगरपालिकाओं व नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि हों। एक ना एक दिन सबको सामने आकर विरोध करना पड़ेगा। श्री बेहड़ ने कहा कि आज हम सब को दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर जो अतिक्रमण के नाम पर बर्बादी हो रही है उनको बचाने के लिए एकजुट होकर सरकार पर दबाव बनाना पड़ेगा तभी इस अत्याचार से गरीब जनता को राहत मिल सकेगी।श्री बेहड़ ने मुख्यमंत्री से तराई की जनता की तरफ से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान को तत्काल रोका जाए और जो लोग उजाड़े गए हैं उन सबको बसाने का काम तत्काल किया जाए। श्री बेहड़ ने कहा कि 5 जून को प्रात:10.30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर दलगत राजनीती से ऊपर उठकर बिना किसी झंडे बैनर के अकेले धरने पर बैठेंगे और अतिक्रमण हटाने के नाम पर जो ये अभियान गरीबों को बर्बाद करने के लिए चलाया जा रहा है इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी इसमें समर्थन देना चाहे वो आ सकता है।

**डेढ़ किलो अफीम समेत.....**पुलिस को बताया बरामद अफीम वह बदायूं से लाकर सिरौलीकला चारबीघा में रहीश नामक व्यक्ति को देने आये थे। पुलिस को दोनों के पास से मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। मोबाइल की डिटेल खंगालने पर वह सिरोलीकलां में काम कर रहे नशा तस्करों की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रहीश को चिन्हित कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस दोनों तस्करों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Created by Universal Document Converter




Created by Universal Document Converter